**दिनांक–06.09.2022 को अपर मुख्य सचिव, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना की उपस्थिति में प्रमंडलीय आयुक्त पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ की अध्यक्षता में पूर्णिया प्रमण्डलीय सभागार में आयोजित शराबबंदी संबंधी समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

---

**उपस्थितिः–यथा पंजी के अनुसार।**

आयुक्त, पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया द्वारा बैठक में उपस्थित अपर मुख्य सचिव सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा विगत बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में पूर्णिया प्रमंडलान्तर्गत शराबबन्दी संबंधी कार्यों की समीक्षा की गयी। अपर मुख्य सचिव, मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा शराबबन्दी संबंधी कार्रवाई की जानकारी लेने के क्रम में प्रमंडलान्तर्गत चल रहे कार्य एवं प्रगति की प्रशंसा की गई एवं कहा गया कि सीमांचल क्षेत्र होने के कारण अररिया, पूर्णियाँ, किशनगंज, दालकोला चेकपोस्ट आदि स्थानों पर विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसके लिए सीमा सुरक्षा बल के साथ लगातार समन्वय स्थापित करने का निदेश दिया गया। तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए निम्न बिन्दु की समीक्षा की गई :–

**1. पुलिस तथा उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग द्वारा अभियोग एवं गिरफ्तारी की तुलनात्मक समीक्षाः–**

**पुलिस :–**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | अप्रैल, 2022 | | मई, 2022 | | जून, 2022 | | जुलाई, 2022 | | अगस्त, 2022 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार |
| 1 | पूर्णियाँ | 150 | 156 | 116 | 167 | 144 | 156 | 126 | 122 | 173 | 218 |
| 2 | किशनगंज | 43 | 52 | 34 | 56 | 32 | 93 | 49 | 68 | 35 | 76 |
| 3 | अररिया | 99 | 88 | 75 | 88 | 105 | 111 | 100 | 116 | 108 | 164 |
| 4 | कटिहार | 100 | 128 | 122 | 143 | 185 | 264 | 195 | 315 | 163 | 529 |

**उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभागः–**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | अप्रैल, 2022 | | मई, 2022 | | जून, 2022 | | जुलाई, 2022 | | अगस्त, 2022 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार | अभियोग | गिरफ्तार |
| 1 | पूर्णियाँ | 20 | 26 | 30 | 54 | 73 | 82 | 77 | 129 | 145 | 232 |
| 2 | किशनगंज | 40 | 77 | 36 | 83 | 56 | 101 | 59 | 121 | 80 | 223 |
| 3 | अररिया | 30 | 46 | 39 | 67 | 45 | 106 | 59 | 110 | 60 | 201 |
| 4 | कटिहार | 38 | 51 | 45 | 83 | 65 | 109 | 66 | 124 | 115 | 268 |

➢ अपर मुख्य सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध द्वारा सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया गया कि अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के अनुपालन में शिथिलता अथवा विलम्ब किसी भी रूप में न हो यह सुनिश्चित कर लिया जाय। निदेश दिया गया प्रत्येक थाना में प्रतिदिन औसतन एक गिरफ्तारी अवश्य किया जाए। पुलिस अधीक्षक विशेष रूप से इसकी समीक्षा करें। शराबबंदी सरकार की प्राथमिकता में है इसलिए किसी भी स्तर पर इसमें

लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समीपवर्ती थानों की पुलिस मिलकर संयुक्त रूप से छापेमारी करें। मद्यनिषेध से संबंधी वादों में सरकारी गवाहों की गवाही समय पर नहीं होने के कारण भी वाद का ससमय निष्पादन नहीं हो पाता है। अतः प्रमंडल के सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को सरकारी गवाहों की गवाही समय पर सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया।

2. **जब्त विदेशी शराब की तुलनात्मक समीक्षा :–**

**पुलिसः–**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | अप्रैल, 2022 | मई, 2022 | जून, 2022 | जुलाई, 2022 | अगस्त, 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णियाँ | 618.875 | 960.155 | 1277.620 | 1320.255 | 306.155 |
| 2 | किशनगंज | 1343.090 | 578.540 | 7696.850 | 667.925 | 264.430 |
| 3 | अररिया | 505.110 | 6621.000 | 2233.00 | 3718.720 | 429.190 |
| 4 | कटिहार | 498.115 | ·1345.435 | 1239.339 | 1721.340 | 1509.660 |

**उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभागः–**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | अप्रैल, 2022 | मई, 2022 | जून, 2022 | जुलाई, 2022 | अगस्त, 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णियाँ | 155.970 | 407.650 | 373.390 | 2128.405 | 765.420 |
| 2 | किशनगंज | 10433.475 | 270.950 | 599.618 | 594.155 | 78.525 |
| 3 | अररिया | 538.260 | 181.460 | 253.370 | 255.590 | 113.200 |
| 4 | कटिहार | 405.580 | 39.955 | 105.075 | 21.330 | 15.000 |

➢ अपर मुख्य सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध द्वारा सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया गया कि अन्य राज्यों से कारोबार कर रहे विदेशी शराब के बड़े supplier एवं गिरोह पर कड़ी नजर रखें। साथ हीं supply chain तोड़ने हेतु इसकी आखिरी कड़ी अर्थात् होम डिलीवरी पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आसूचना तंत्र को मजबूत करने तथा इससे प्राप्त सूचना के आधार पर तत्क्षण कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। स्थानीय स्तर पर बनाए जा रहे देशी शराबों को बंद करने हेतु सख्त कार्रवाई की जाए इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा सकती है। दिसंबर माह तक यह प्रक्रिया निरंतर रूप से चलाई जाए।

## 3. ब्रेथ एनालाईजर से टेस्ट एवं गिरफ्तारी की तुलनात्मक समीक्षा :–

पुलिसः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या |
| 1 | पूर्णियाँ | 121 | 45 | 129 | 21 | 131 | 24 | 153 | 24 | 121 | 112 |
| 2 | किशनगंज | 185 | 26 | 152 | 28 | 685 | 43 | 465 | 21 | 563 | 45 |
| 3 | अररिया | 26 | 26 | 23 | 23 | 29 | 29 | 37 | 37 | 53 | 53 |
| 4 | कटिहार | 35 | 16 | 142 | 36 | 413 | 101 | 518 | 153 | 662 | 338 |

उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभागः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | अप्रैल, 2022 | | मई, 2022 | | जून, 2022 | | जुलाई, 2022 | | अगस्त, 2022 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या | ब्रेथ एनालाईजर से जाँच की गई संख्या | ब्रेथ एनाालाईजर से जाँच में Positive पाये गये अभियुक्तों की संख्या |
| 1 | पूर्णियाँ | 618 | 12 | 1772 | 9 | 2501 | 39 | 2636 | 78 | 2062 | 176 |
| 2 | किशनगंज | 359 | 20 | 1739 | 59 | 1013 | 60 | 962 | 85 | 357 | 221 |
| 3 | अररिया | 778 | 16 | 2832 | 28 | 2955 | 64 | 3150 | 48 | 3855 | 137 |
| 4 | कटिहार | 1349 | 45 | 1934 | 75 | 1367 | 102 | 1775 | 116 | 2032 | 250 |

➢ ब्रेथ एनालाईजर से की जा रही जाँच में तेजी लाने का निदेश दिया गया एवं जहाँ ब्रेथ एनालाईजर पर्याप्त संख्या में नहीं है वहाँ इसे मंगाने हेतु अधियाचना शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। ब्रेथ एनालाईजर का रिपोर्ट शराबबंदी कानून के तहत अभियुक्तों की गिरफ्तारी में कारगर साक्ष्य है। ब्रेथ एनालाईजर द्वारा सघन जाँच से समाज में शराबबंदी के प्रति डर का एक माहौल बनता है। बैठक में उपस्थित पदाधकारियों द्वारा बताया गया कि ब्रेथ एनालाईजर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## 4. धारा 37 के तहत गिरफ्तारी की तुलनात्मक समीक्षा :–

**पुलिसः–**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | धारा 37 के अंतर्गत कितने पीने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई ? | धारा 37 के अंतर्गत पीने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर कितने व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई ? |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णियाँ | 242 | 27 |
| 2 | किशनगंज | 163 | 0 |
| 3 | अररिया | 168 | 51 |
| 4 | कटिहार | 651 | 21 |

**उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभागः–**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | धारा 37 के अंतर्गत कितने पीने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई ? | धारा 37 के अंतर्गत पीने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर कितने व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई ? |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णियाँ | 314 | 29 |
| 2 | किशनगंज | 455 | 65 |
| 3 | अररिया | 293 | 86 |
| 4 | कटिहार | 588 | 29 |

➢ अपर मुख्य सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि शराब पीने वाले अभियुक्तों से भली–भाँति पूछ–ताछ करना आवश्यक है, ताकि शराब के कारोबार में लिप्त कारोबारियों तक पहुँचा जा सके। इसके लिए आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों यथा–अनुभवी वकीलों, पुलिस विभाग से जुड़े अपराध संबंधी अनुसंधानकर्त्ता आदि की भी मदद ली जा सकती है। प्रमंडल के कई थानों में गिरफ्तारी की संख्या काफी कम है। पुलिस अधीक्षक इसकी साप्ताहिक समीक्षा करें। थानों के लिए दैनिक गिरफ्तारी का एक लक्ष्य निर्धारित कर लिया जाए।

## 5. धारा 37 के तहत दूसरी बार पकड़े गए अभियुक्तों (Repeat Offenders) की तुलनात्मक समीक्षा :–

| क्र0 | जिला का नाम | धारा–37 के अन्तर्गत दुसरी बार पकड़े गये अभियुक्तों (Repeat Offenders) की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पुलिस विभाग | मद्यनिषेध विभाग | कुल |
| 1 | पूर्णियाँ | 10 | 2 | 12 |
| 2 | किशनगंज | 01 | 04 | 05 |
| 3 | अररिया | 08 | 05 | 13 |
| 4 | कटिहार | 05 | 03 | 08 |

- अपर मुख्य सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध द्वारा बताया गया कि नये शराबबंदी कानून में आदतन शराबी (Repeat Offenders) को जेल भेजने का प्रावधान किया गया है। इसका सख्ती से अनुपालन किया जाना आवश्यक है साथ ही नये शराबबंदी कानून के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की भी आवश्यकता है। शराब पिलाने वालों की गिरफ्तारी कर उनसे सघन पूछताछ की जाए। Repeat Offenders का Trial तुरंत करवा लिया जाए। जिला पदाधिकारी मासिक बैठक में इसकी समीक्षा अवश्य करें।

## 6. चेकपोस्टोंकी समीक्षाः—

- सभी सीमावर्ती इलाका होने के कारण दालकोला चेकपोस्ट अत्यंत ही संवेदनशील है। यहाँ विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता बतायी गई। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बायसी सप्ताह में एक बार इस चेकपोस्ट का निरीक्षण अवश्य करें। Digital Lock पर विशेष ध्यान देते हुए यह अवश्य देखा जाए कि किसी विशेष स्थान पर इसे Unlock तो नहीं किया जा रहा है। गंतव्य स्थल तय करने की दूरी एवं Lock और Unlock के बीच के समय अंतराल की गहन और निरंतर समीक्षा से सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। फारिंग गोला चेकपोस्ट एवं खगड़ा चेकपोस्ट पर विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया। वरीय पदाधिकारी शराबबंदी से जुड़े सभी बिंदुओं का अलग—अलग Data Analysis सूक्ष्मता से करेंगे तो कई बातें संज्ञान में आ सकती है और फिर उसके अनुरूप कार्ययोजना बनाई जाए।

## 7. वाहनों की नीलामी की तुलनात्मक समीक्षा :—

पुलिसः—

| जिला का नाम | भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन में सबसे पुराना वाहन किस वर्ष जप्त किया गया था | कितने वाहनों का राज्यसात प्रारंभ नही हुआ है। | राज्यसात प्रारंभ नही हुए वाहनों में सबसे पुराना वाहन किस वर्ष जप्त हुआ था | कुल लंबित राज्यसात के मामलों की संख्या | लंबित राज्यसात में सबसे पुराना वाहन किस वर्ष का है। | राज्यसात होने के उपरांत नीलामी हेतु कुल वाहन की संख्या | नीलामी के उपरांत भी अभी तक भौतिक रूप से जिले में उपलब्ध वाहन की संख्या | कितने वाहनों का **valuation** हो गया है | **Valuation** हो चुके वाहनों मे से कितने वाहन **MSTC** पोर्टल पर डाले गये है | **Valuation** हेतु लंबित कुल वाहन की संख्या | वैसे वाहन जो कागज में अस्तित्व में हैं, किन्तु भौतिक रूप में नहीं हैं। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णियाँ | **2020** | **12** | **2020** | **45** | **2020** | **114** | **0** | **116** | **111** | **0** | **0** |
| किशनगंज | **2017** | **34** | **2021** | **5** | **2022** | **86** | **0** | **86** | **45** | **3** | **0** |
| अररिया | **2019** | **75** | **2022** | **240** | **2020** | **329** | **0** | **587** | **493** | **0** | **0** |
| कटिहार | **2022** | **52** | **2022** | **52** | **2022** | **52** | **0** | **85** | **74** | **0** | **0** |

उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग:–

| जिला का नाम | भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन में सबसे पुराना वाहन किस वर्ष जप्त किया गया था | कितने वाहनों का राज्यसात प्रारंभ नही हुआ है। | राज्यसात प्रारंभ नही हुए वाहनों में सबसे पुराना वाहन किस वर्ष जप्त हुआ था | कुल लंबित राज्यसात के मामलों की संख्या | लंबित राज्यसात में सबसे पुराना वाहन किस वर्ष का है। | राज्यसात होने के उपरांत नीलामी हेतु कुल वाहन की संख्या | नीलामी के उपरांत भी अभी तक भौतिक रूप से जिले में उपलब्ध वाहन की संख्या | कितने वाहनों का **valuation** हो गया है | **Valuation** हो चुके वाहनों मे से कितने वाहन **MSTC** पोर्टल पर डाले गये है | **Valuation** हेतु लंबित कुल वाहन की संख्या | वैसे वाहन जो कागज में अस्तित्व में हैं, किन्तु भौतिक रूप में नहीं हैं। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णियाँ | 2018 | 0 | 2022 | 17 | 2022 | 36 | 0 | 39 | 22 | 0 | 0 |
| किशनगंज | 2021 | 5 | 2022 | 6 | 2022 | 38 | 0 | 38 | 5 | 0 | 0 |
| अररिया | 2021 | 12 | 2022 | 23 | 2021 | 11 | 0 | 14 | 6 | 0 | 0 |
| कटिहार | 2020 | 0 | 0 | 10 | 2021 | 11 | 0 | 11 | 11 | 0 | 0 |

➢ पुलिस/मद्यनिषेध विभाग के पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जिन वाहनों का राज्यसात प्रारंभ नहीं हुआ है उसके राज्यसात का प्रस्ताव शीघ्र जिला पदाधिकारी को भेजें। राज्यसात के उपरांत वाहनों के नीलामी में अनावश्यक विलंब कतई न किया जाय। समीक्षा के क्रम में ज्ञात हुआ कि नीलामी हेतु गाड़ियॉ को **MSTC** पोर्टल पर डाले तो गये हैं परन्तु बड़ी संख्या में गाड़ियों की नीलामी नहीं हो पाई है। अपर मुख्य सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध द्वारा निदेश दिया गया कि दिनांक 09.09.2022 के उपरांत ऐसी सभी वाहन जिनकी नीलामी की जानी है, जिला पदाधिकारी उसका अखबार में सूचना प्रकाशित कर नीलामी की कार्रवाई अपने स्तर से प्रारंभ करें। नीलामी की प्रक्रिया में विभागीय नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

## 8. 15 दिन से अधिक पुराने जब्त शराब की तुलनात्मक समीक्षा :–

| क्र० सं० | जिला का नाम | शराब की मात्रा, जिसे जब्त किये हुए 15 दिन से अधिक हो गया है। (ली० में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पुलिस विभाग | मद्यनिषेध विभाग | कुल |
| 1 | पूर्णियाँ | 3700.000 | 145.500 | 3845.500 |
| 2 | किशनगंज | 3802.478 | 624.390 | 4426.868 |
| 3 | अररिया | 14368.000 | 0.000 | 14368.000 |
| 4 | कटिहार | 2991.045 | 86.515 | 3077.560 |

➢ सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को एक सप्ताह के अन्दर जब्त शराब का विनष्टीकरण करने का निदेश दिया गया तथा एक सप्ताह से अधिक समय का कोई भी शराब विनष्टीकरण हेतु अवशेष न बचे इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

## 9. Vulnerable Areaछापेमारी / गिरफ्तारी की तुलनात्मकसमीक्षा :–

पुलिसः–

| जिला का नाम | चिन्हित Vulnerable Area की संख्या | छापेमारी की संख्या | | | | | | | गिरफ्तारी की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2022 | अप्रैल 2022 | मई 2022 | जुन 2022 | जुलाई 2022 | 31 अगस्त2022 तक | कुल | मार्च 2022 | अप्रैल 2022 | मई 2022 | जून, 2022 | जुलाई, 2022 | अगस्त, 2022 | कुल |
| पूर्णियाँ | 137 | 216 | 455 | 471 | 487 | 491 | 241 | **2361** | 27 | 20 | 22 | 21 | 23 | 27 | 140 |
| किशनगंज | 30 | 186 | 150 | 248 | 120 | 124 | 217 | **1045** | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 03 |
| अररिया | 43 | 56 | 69 | 78 | 73 | 75 | 76 | **420** | 21 | 23 | 25 | 28 | 26 | 32 | 155 |
| कटिहार | 70 | 164 | 150 | 167 | 196 | 199 | 193 | **1069** | 93 | 61 | 71 | 113 | 142 | 151 | 631 |

उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभागः–

| जिला का नाम | चिन्हित Vulnerable Area की संख्या | छापेमारी की संख्या | | | | | | | गिरफ्तारी की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2022 | अप्रैल 2022 | मई 2022 | जून, 2022 | जुलाई, 2022 | 31 अगस्त, 2022 तक | कुल | मार्च 2022 | अप्रैल 2022 | मई 2022 | जून, 2022 | जुलाई, 2022 | अगस्त, 2022 | कुल |
| पूर्णियाँ | **137** | **170** | **323** | **339** | **351** | **377** | **257** | **1877** | **3** | **4** | **17** | **31** | **51** | **71** | **177** |
| किशनगंज | **30** | **95** | **94** | **79** | **59** | **62** | **72** | **461** | **3** | **1** | **2** | **1** | **4** | **7** | **18** |
| अररिया | **43** | **53** | **56** | **61** | **71** | **72** | **78** | **391** | **23** | **22** | **19** | **25** | **27** | **30** | **146** |
| कटिहार | **70** | **421** | **584** | **508** | **402** | **335** | **337** | **2587** | **5** | **7** | **8** | **7** | **6** | **13** | **46** |

➢ सभी Vulnerable Area में गहन छापेमारी की जाए। चिन्हित स्थानों पर छापेमारी की संख्या कम है। सप्ताह में एक बार छापेमारी अवश्य की जाए। सुझाव दिया गया कि प्रमंडलान्तर्गत जिलों में अन्तरजिला छापेमारी कराया जाए जिसमें स्थानीय अधिकारी भी साथ रहें।

## 10. वर्ष -2022 में मद्यनिषेध सम्बधित मामलों में ट्रायल की प्रगति :–

| जिला का नाम | थाना की संख्या | पुलिस पेपर हेतु कितने वाद लंबित है। | ऐस कांड, जिसमें 60 दिन बीत गये है और चार्जशीट अभी तक नहीं दाखिल नहीं हुई। | **August** महीने में आपके जिले में कितने मामलें में ट्रायल पूरा होने की संभावना है। | शराबबदी कानून से संबंधित कितने **Warrants** एवं **summons** लंबित है। | जिले में धारा 37 के कुल कितने अभियुक्त बन्द हैं, जिन्हें 30 दिन से अधिक हो गया है। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णियाँ | 30 | 91 | 401 | 0 | 89 | 0 |
| किशनगंज | 18 | 64 | 152 | 0 | 199 | 2 |
| अररिया | 26 | 78 | 23 | 2 | 50 | 0 |
| कटिहार | 25 | 276 | 225 | 3 | 0 | 7 |

- पुलिस अधीक्षक अपने मासिक बैठक में स्पेशल पी0पी0 को भी बुलाकर इसकी समीक्षा करें तथा यदि बैठक में स्पेशल पी0पी0 नहीं आते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश सभी पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया को दिया गया। ऐसे कांड जिसमें 60 दिनों के बाद चार्जसीट दाखिल नहीं किया गया है उसमें प्राथमिकता के आधार पर तुरंत चार्जसीट दाखिल करने की कार्रवाई की जाए। सरकारी वकील से बात कर Repeat Offender के मामले में तुरंत Trial प्रारंभ कराया जाए।

- Excise Cases में सरकारी गवाहों की गवाही समय पर नहीं होने के कारण भी वाद का ससमय निष्पादन नहीं हो पाता है। अतः सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया को सरकारी गवाही समय पर उपस्थित हो इसे सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया।

## 11. मद्यनिषेध से सम्बधित सतत जीविकोपार्जन से लाभान्वित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की स्थितिः–

- बैठक में मद्यनिषेध से सम्बधित सतत जीविकोपार्जनयोजना के संबंध में अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली गई। इस योजना से प्रमंडल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातिवर्ग के 5696 लोगों को लाभान्वित किया गया है। इसका सबसे अधिक लाभ अररिया जिले को मिला है। अररिया में 2349, कटिहार में 2073, पूर्णिया में 909 एवं किशनगंज में 365 लाभुकों को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है।

- <u>अन्यान्यः–</u> अपर मुख्य सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार के शराबबंदी कानून को सौ फीसदी सफल बनाने हेतु शराब के निर्माण, व्यापार, भडांरण, परिवहन, बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाने हेतु हर संभव उपाय करें। शराब के बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई कर उनकी संपत्ति जब्त करें।

- Call Centre से प्राप्त शत प्रतिशत सूचनाओं में तुरन्त छापेमारी हो इसे सुनिश्चित कराने का निदेश सभी पुलिस अधीक्षक एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया को दिया गया। चेकपोस्ट पर आवश्यकतानुसार ही कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाय तथा प्रतिनियुक्त कर्मियों की समय–समय पर जाँच किया जाय कि वे कर्त्तव्य पर उपस्थित हैं अथवा नहीं।

अंत में, आयुक्त द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

13/9/22

**आयुक्त**
**पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया।**

ज्ञापांक–01 / रा0–11–30 / 2021.....3296..........दिनांक..14/09/22..........

प्रतिलिपि :–
1. अपर मुख्य सचिव, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. पुलिस महानिरीक्षक,पूर्णिया क्षेत्र,पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला पदाधिकारी, पूर्णिया / कटिहार / अररिया / किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया / कटिहार / अररिया / किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. उपायुक्त मद्यनिषेध, पूर्णिया प्रमण्डल पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया / कटिहार / अररिया / किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. अनुमंडल पदाधिकारी / अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पूर्णिया / कटिहार / अररिया / किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. उत्पाद अधीक्षक, पूर्णिया / कटिहार / अररिया / किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
9. आई0टी0 प्रबंधक, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि इसकी एक प्रति कार्यालय के बेवसाइड पर अपलोड किया जाए।

13/9/22

**आयुक्त**
**पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया।**

O/c

24 [illegible]